596/ADG 2566/16/7/18

# उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद-1

संख्या सम्पूर्ति-दो-16-2017 दिनांक जुलाई 9, 2018

सेवा में,

1. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, प्रभारी जनपद उत्तर प्रदेश।
2. समस्त पुलिस अधीक्षक, प्रभारी जनपद उत्तर प्रदेश।
3. समस्त सेनानायक, पीएसी वाहिनी उत्तर प्रदेश।
4. समस्त पुलिस अधीक्षक, रेलवेज उत्तर प्रदेश।

विषय उत्तर प्रदेश पुलिस कर्मियों की खाकी वर्दी के शेड (रंग का दर्जा) एवं इसके तकनीकी मानक निर्धारण के सम्बन्ध में निर्देश।

---

प्रायः यह देखा जा रहा है उत्तर प्रदेश के अधिकांश पुलिस कर्मियों द्वारा जो वर्दी धारण की जा रही है, उनके रंग एवं खाकी शेड में एकरूपता नहीं है। उत्तर प्रदेश पुलिस एक अनुशासित बल है। विभाग की गरिमा बनाये रखने हेतु पुलिस कर्मियों की वर्दी के रंग/ शेड में परस्पर एकरूपता का होना नितान्त आवश्यक है।

2- पुलिस जवानों की वर्दी के खाकी शेड (रंग का दर्जा) में एकरूपता लाने हेतु **PANTONE NO. 16-1315 TCX** मानक के खाकी शेड को पुलिस महानिदेशक, महोदय द्वारा अनुमोदित किया गया है। जिसमें मात्र खाकी शेड (रंग का दर्जा) निर्धारित है ना कि कपड़े की अन्य विशेषतायें ।कपड़े के क्रय के सम्बन्ध मे पुलिस जनों को पूर्ण स्वतत्रता है, केवल खाकी रंग के अनुमोदित शेड के सम्बन्ध मे मानक का पालन किया जाना हैं ।

3- **PANTONE NO. 16-1315 TCX** के खाकी शेड (रंग का दर्जा) का नमूना मूलरूप में इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि कृपया पुलिस लाइन/वाहिनी के गणना कार्यालय/कार्यालय पर शीशे लगे हुए केश में ऐसे स्थान पर लगवायें जहॉ पुलिस कर्मियों द्वारा स्पष्ट रूप से देखा जा सके ।

4- अतः पुलिस कर्मियों के वर्दी में एकरूपता लाने के दृष्टिगत अनुमोदित खाकी शेड (रंग का दर्जा) के अनुसार अपने अधीनस्थ नियुक्त सभी पुलिस कर्मियों को उपर्युक्त तथ्यों से अवगत कराते हुए संलग्न नमूने के खाकी शेड (रंग का दर्जा) के अनुसार वर्दी धारण करने हेतु निर्देशित करना सुनिश्चित करें।

5- कृपया इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।

**संलग्नकः** वर्दी का खाकी शेड(रंग का दर्जा ) मय तकनीकी मानक

(बी0पी0 जोगदण्ड)
अपर पुलिस महानिदेशक-मुख्यालय,
उत्तर प्रदेश ।

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक के सहायक उ0प्र0 लखनऊ।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें उ0प्र0 लखनऊ को वर्दी के शेड(रंग का दर्जा) का नमूना मय तकनीकी मानक इस आशय से संलग्नकर प्रेषित है कि विभाग की बेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

HPCTS

अपर पुलिस महानिदेशक
तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश
16.7.2018

# पुलिस खाकी वर्दी का अनुमोदित शेड

**Pantone No. 16-1315.TCX.**

-: वर्दी के शेड (रंग) का तकनीकी मानक :-

| x | y | z |
|---|---|---|
| 33.22 | 30.08 | 21.83 |
| L* | C* | H* |
| 61.73 | 17.06 | 73.80 |
| $\Delta\tau <= 2$ | | |

आदेश संख्या :- सम्पूर्ति - दो-16-2017 9, जुलाई 2018